भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2162 का उत्तर

मीटर गेज से ब्रॉड गेज में बदलना

2162. श्री अक्षयवर लालः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पूर्वोत्तर रेलवे के नानपारा होते हुए बहराइच से नेपालगंज तक मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज में बदलने का प्रस्ताव रखती है;

(ख) यदि हां, तो आमान परिवर्तन कार्य कब तक शुरू होना है; और

(ग) क्या सरकार का नानपारा से मिहींपुरुआ स्टेशन जो तहसील मुख्यालय है और एक औद्योगिक शहर भी है, के बीच लगभग 24 किलोमीटर के मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज में बदलने का विचार है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): नानपाड़ा से नेपालगंज सहित बहराइच से मैलानी तक आमान परिवर्तन कार्य को अपेक्षित अनुमोदन के अध्यधीन रेल बजट 2016-17 में शामिल किया गया था। इस समय, बहराइच-नानपाड़ा-नेपालगंज का आमान परिवर्तन विचाराधीन है और दुधवा नेशनल पार्क के अंतर्गत आने वाले मेहीपुरवा के रास्ते नानपाड़ा से मैलानी तक के खंड को मीटर लाइन (एमजी) खंड के रूप में बनाए रखा जाएगा।

******

Sk